आनंदालय
सामयिक परीक्षा-**2**
कक्षा : नौवीं

विषय : हिंदी — अधिकतमअंक : 80

दिनांक : 21-09-2022 — निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:-

- ✧ निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- ✧ इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं-खंड 'अ' और 'ब'।खंड 'अ' में कुल 12 प्रश्न हैं जबकि खंड 'ब' में 7 प्रश्न ।
- ✧ प्रश्न पत्र में कुल 19 प्रश्न हैं । प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।
- ✧ बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है ।
- ✧ प्रश्न पत्र में कुल 8 पृष्ठ हैं ।

खंड- 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न) **40 अंक**

1. नीचे दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

कहा जाता है कि हमारा लोकतंत्र यदि कहीं कमज़ोर है तो उसकी एक बड़ी वजह हमारे राजनीतिक दल हैं। वे प्रायः अव्यवस्थित हैं, अमर्यादित हैं और अधिकांशतः निष्ठा और कर्मठता से संपन्न नहीं हैं। हमारी राजनीति का स्तर प्रत्येक दृष्टि से गिरता जा रहा है। लगता है उसमें सुयोग्य और सच्चरित्र लोगों के लिए कोई स्थान नहीं है। लोकतंत्र के मूल में लोकनिष्ठा होनी चाहिए, लोकमंगल की भावना और लोकानुभूति होनी चाहिए और लोकसंपर्क होना चाहिए। हमारे लोकतंत्र में इन आधारभूत तत्वों की कमी होने लगी है, इसलिए लोकतंत्र कमज़ोर दिखाई पड़ता है।

हम प्रायः सोचते हैं कि हमारा देश-प्रेम कहाँ चला गया, देश के लिए कुछ करने, मर-मिटने की भावना कहाँ चली गई ? त्याग और बलिदान के आदर्श कैसे, कहाँ लुप्त हो गए ? आज हमारे लोकतंत्र को स्वार्थांधता का घुन लग गया है। क्या राजनीतिज्ञ, क्या अफसर, अधिकांश यही सोचते हैं कि वे किस तरह से स्थिति का लाभ उठाएँ, किस तरह एक-दूसरे का इस्तेमाल करें। आम आदमी अपने आपको लाचार पाता है और ऐसी स्थिति में उसकी लोकतांत्रिक आस्थाएँ डगमगाने लगती हैं।

लोकतंत्र की सफलता के लिए हमें समर्थ और सक्षम नेतृत्व चाहिए, एक नई दृष्टि, एक नई प्रेरणा, एक नई संवेदना, एक नया आत्मविश्वास, एक नया संकल्प और समर्पण आवश्यक है। लोकतंत्र की सफलता के लिए हम सब अपने आप से पूछें कि हम देश के लिए, लोकतंत्र के लिए क्या कर सकते हैं? और हम सिर्फ पूछकर ही न रह जाएँ, बल्कि संगठित होकर समझदारी, विवेक और संतुलन से लोकतंत्र को सफल और सार्थक बनाने में लग जाएँ।

(i) हमारे लोकतंत्र की कमज़ोरी का कारण क्या है ?

(ii) आज राजनीति का स्तर क्यों गिरता जा रहा है ?

(iii) लोकतंत्र के आधारभूत तत्व कौन-से हैं ? इनकी कमी का लोकतंत्र पर क्या असर पड़ा है ?

(vi) आम आदमी की लोकतांत्रिक आस्थाएँ क्यों डगमगाने लगती हैं ?

(v) लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए क्या करना चाहिए?

2. नीचे दिएगद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

एक ज़माना था जब मुहल्लेदारी पारिवारिक आत्मीयता से भरी होती थी। सब मिल-जुलकर रहते थे। हारी-बीमारी, खुशी-गम सब में लोग एक दूसरे के साथ थे। किसी का किसी से कुछ छिपा नहीं था। आज के लोगों को शायद लगे कि लोगों की अपनी 'निजता' क्या रही होगी, लेकिन इस 'निजता' के नाम पर ही तो हम एक-दूसरे से कटते रहे हैं और कटते-कटते ऐसे अलग हुए कि अकेले पड़ गए। पहले अलग चूल्हे-चौके हुए, फिर अलग मकान लेकर लोग रहने लगे, निजी स्वतंत्रता को अपनी नई परिभाषा देकर यह एकाकीपन हमने स्वयं अपनाया है। मुहल्ले में आपस में चाहे जितनी चखचख हो, यह थोड़े ही संभव था कि बाहर का कोई आकर किसी को कड़वी बात कह चला जाए। पूरा मोहल्ला टिड्डी-दल की तरह उमड़ पड़ता था। (1x5=5)

देखते-देखते ज़माना हवा हो गया। मुहल्लेदारी टूटने लगी, आबादी बढ़ी, महँगाई बढ़ी, पर सबसे ज़्यादा जो चीज़ दुर्लभ हो गई वह थी आपसी लगाव, अपनापन। लोगों की आँखों का शील मर गया।

देखते-देखते कैसा रंग बदला है। लोग अपने-आप में सिमटकर पैसे के पीछे भागे जा रहे हैं। सारे नाते-रिश्तों को उन्होंने ताक पर रख दिया है, तब फिर पड़ोसी से उन्हें क्या लेना-देना है। यह नीरस महानगरीय सभ्यता महानगरों से चलकर कस्बों और देहातों तक को अपनी चपेट में ले चुकी है। उप-निवेश (कालोनी) में रहने वाले एक-दूसरे को नहीं जानते। इन जगहों में आदमी का अस्तित्व समाप्त हो गया है। यदि आपको फ़्लैट नंबर मालूम नहीं है तो उसी बिल्डिंग में जाकर भी वांछित व्यक्ति को नहीं ढूँढ़ पाएँगे। ऐसी जगहों में किसी प्रकार के संबंधों की अपेक्षा ही कहाँ की जा सकती है?

(i) आज एक-दूसरे से कटते जाने का कारण क्या है ?

(ii) आज के व्यक्ति को निजता के नाम पर क्या प्राप्त हुआ है ?

(iii) मुहल्लेदारी में पारिवारिक आत्मीयता से क्या-क्या लाभ होता था ?

(vi) 'वह ज़माना हवा होते ही आया बदलाव', समाज के लिए उपयुक्त था या अनुपयुक्त, स्पष्ट कीजिए।

(v) निजता ने महानगरीय सभ्यता के संबंधों को लगभग समाप्त कर दिया है। ऐसा कहना कितना उचित है ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार सही उत्तर का चयन कर लिखिए – (1x2=2)

(i) शब्द पद बन जाता है -

(क) जब शब्द शब्दकोश में रहता है (ख) जब शब्द वाक्य में रहता है

(ग) जब शब्द क्रम में रहता है (घ) जब शब्द के आगे कुछ नहीं रहता है

(ii) मजिस्ट्रेट शब्द है-

(क) तत्सम (ख) विदेशज (ग) देशज (घ) तद्भव

4. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x2=2)

(i) 'श्याम राधा के वस्त्रों को रंग से सराबोर कर रहे हैं।' वाक्य में अनुस्वार शब्द है -

(क) हैं (ख) वस्त्रों (ग) रंग (घ) सराबोर

(ii) 'अनचाहे मित्र को देखते ही लेखक का मन अशांत हो गया और बटुआ काँप गया |' वाक्य में अनुनासिक शब्द है -

(क) काँप (ख) अशांत (ग) बटुआ (घ) मित्र

(iii) 'चंदन ने आज पूर्णिमा का चाँद देखा।' वाक्य में अनुस्वार शब्द है-

(क) चंदन (ख) पूर्णिमा (ग) देखा (घ) चाँद

5. 'निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (1x4=4)

(i) 'पराभूत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -

(क) परा (ख) प (ग) प्रा (घ)पर

(ii) 'दुसाध्य' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -

(क)द (ख) दस (ग)दु (घ)दुस

(iii) 'झाड़ू' शब्द में प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?

(क)आड़ (ख) आड़ू (ग) ऊ (घ) उ

(iv) 'ढोलक' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?

(क)क (ख) ढोल (ग) लक (घ) ओलक

6. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (1x3=3)

(i) कोष्ठक में दिएविराम चिह्न (? )का सही नाम बताइए -

(क)निर्देशक (ख) प्रश्नसूचक (ग) विवरण (घ) अल्पविराम

(ii) निम्नलिखित वाक्य में सही विराम चिह्न युक्त वाक्य को चुनिए -

(क)राम, श्याम, सोहन और मोहन मेला देखने गए हैं ।

(ख) राम श्याम सोहन और मोहन मेला देखने गए हैं ।

(ग)राम, श्याम; सोहन और मोहन मेला देखने गए है।

(घ)राम, श्याम, सोहन और मोहन मेला देखने गए हैं ?

(iii) 'हाय ! मैं तो लुट गया ।' वाक्य में वाह के बाद जो विराम चिह्न है उसका सही नाम है -

(क)उपविराम (ख) अल्पविराम (ग) विस्मय चिह्न (घ) लाघव

(iv) निम्नलिखितवाक्य में सही विराम चिह्न युक्त वाक्य को चुनिए -

(क) राधा चिल्लाते हुए, - " निकल जाओ यहाँ से"।

(ख) राधा चिल्लाते हुए - " निकल जाओ यहाँ से"।

(ग) राधा चिल्लाते हुए : " निकल जाओ यहाँ से"।

(घ) राधा चिल्लाते हुए !- " निकल जाओ यहाँ से"।

7. 'निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (1x2=2)

(i) मुसाफ़िर अपनी मंज़िल पर पहुँच चुका होगा । वाक्य का भेद बताइए -

(क) विधानवाचक वाक्य (ख)प्रश्नवाचक वाक्य

(ग) निषेधवाचक वाक्य (घ) संदेहवाचक वाक्य

(ii) अगर पुजारी आ गया होता तो कार्यक्रम शुरू हो गया होता । वाक्य का भेद बताइए -

(क) संकेतवाचक वाक्य (ख) निषेधवाचक वाक्य

(ग) प्रश्नवाचक वाक्य (घ)संदेहवाचक वाक्य

(iii) तुम दिन प्रतिदिन सफलता के नए आयाम प्राप्त करो । वाक्य का भेद बताइए -

(क) निषेधवाचक वाक्य (ख) इच्छावाचक वाक्य

(ग) विधानवाचक वाक्य (घ) संदेहवाचक वाक्य

8. 'निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x3=3)

(i) 'महोदय' में संधि का भेद है -

(क) दीर्घ संधि (ख)गुण संधि

(ग) वृद्धि संधि (घ) यण संधि

(ii) 'सु + आगत' संधि-विच्छेद का भेद है -

(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि

(ग) वृद्धि संधि (घ)यण संधि

(iii) 'मत + ऐक्य' की संधि है -

(क) मेक (ख) मतैक

(ग) मतैक्य (घ) मतेक

(iv) 'पो + अन' की संधि है -

(क) पवन (ख) पोअन

(ग) पआनन (घ) पन

9. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

प्रभु जी तुम चन्दन हम पानी

प्रभु जी तुम चंदन हम पानी। जाकी अंग-अंग बास समानी॥

प्रभु जी तुम घन बन हम मोरा। जैसे चितवत चंद चकोरा॥

प्रभु जी तुम दीपक हम बाती। जाकी जोति बरै दिन राती॥

प्रभु जी तुम मोती हम धागा। जैसे सोनहिं मिलत सुहागा।

प्रभु जी तुम स्वामी हम दासा। ऐसी भक्ति करै रैदासा॥

(i) धागे की कीमत होती है -

(क) जब उसके पास मोती हो (ख) जब उसके पास सोना हो

(ख) जब उसके पास दीपक हो (ग) जब उसके पास सुहागा हो

(ii) दिन-रात किसकी ज्योति जलती रहती है -

(क) दीपक की (ख) बाती की (ग) भक्तऔर भगवान की (घ) ईश्वर की

(iii) रैदास अपने आराध्य को किस पक्षी की तरह निहारते हैं ?

(क) बगुला पक्षी की तरह (ख) कबूतर पक्षी की तरह

(ग) पक्षीकोयल की तरह (घ) चकोर पक्षी तरह

(iv) ईश्वर घन हैं तो रैदास क्या हैं ? -

(क) आकाश (ख) मोर (ग) चकोर (घ)बादल

(v) इस पद में कौन-सी भक्ति है ?

(क) नवधा भक्ति (ख) सख्य भक्ति (ग) दास्य भक्ति (घ)कीर्तन भक्ति

10. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए - (1x2=2)

(i) रहीम ने मनुष्य और पशु में से किसे अच्छा माना है ?

(क)मनुष्य को (ख) पशु को (ग) मनुष्य,पशु दोनों को (घ)पक्षी को

(ii) कवि प्रेमी और उसकी राधा के गीत-अगीत में श्रेष्ठ माना है -

(क) प्रेमी-गीत (ख) अगीत-प्रेमी (ग) राधा-अगीत (घ)गीत-राधा

(iii) यदि भगवान ने गुलाब को भी बोलने की शक्ति दी होती तो वह पूरी दुनिया को किसके गीत सुनाता?

(क) प्रकृति की सुंदरता के (ख) शुक-शुकी के प्रेम के

(ग)प्रेमी-प्रेमिका के प्रेम के (घ)अपने सपनों के

11. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

हमारी सभ्यता इस धूल के संसर्ग से बचना चाहती है । वह आसमान में घर बनाना चाहती है, इसलिए शिशु भोला नाथ से कहती है, धूल में मत खेलो । भोलानाथ के संसर्ग से उसके नकली सलामें-सितारे धुँधले पड़ जाएँगे ।जिसने लिखा था - " धन्य-धन्य वे हैं नर मैले जो करत गात कनिया लगाय धूरि ऐसे लरिकान की ।" उसने भी मानों धूल भरे हीरों का महत्त्व कम करने में कुछ उठा न रखा था । 'धन्य-धन्य' में ही उसने बड़प्पन को विज्ञापित किया, फिर 'मैले' शब्द से अपनी हीन भावना भी व्यंजित कर दी, अंत में 'ऐसे लरिकान' कहकर उसने भेद-बुद्धि का परिचय भी दे दिया । वह हीरों का प्रेमी है, धूल भरे हीरों का नहीं ।

(i) सभ्य समाज केवल साफ़-सुथरे हीरों का प्रेमी है न की ………………….. हीरों का -

(क) मिटटी लगे हीरों का (ख) धूल भरे हीरों का

(ग) कोयले की कालिख लगे हीरों का (घ) धूल तांबे युक्त हीरों का

(ii) 'मैले' शब्द से अपनी कौन-सी भावना व्यंजित कर दी है -

(क)कपटीभावना (ख) दकियानूसी भावना (ग) अच्छी भावना (घ) हीन भावना

(iii) " धन्य-धन्य वे हैं नर मैले जो करत गात कनिया लगाय धूरि ऐसे लरिकान की |" इस पंक्ति के माध्यम से लेखक ने किस पर व्यंग्य किया है -

(क) कवि पर (ख) लेखक (ग) नाटककार (घ) उपन्यासकार

(iv) भोलानाथ के संसर्ग से क्या धुँधले पड़ जाएँगे ?

(क) नकली सितारे (ख) नकली सलामें-सितारे (ग) नकली सलामें (घ) नकली चाँद

(v) हमारी सभ्यता किसके संसर्ग से बचना चाहती है ?

(क)मिटटी से (ख) कीचड़ से (ग) धूल से (घ) कोयले से

12. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए - (1x2=2)

(i) लेखक ने बुढ़िया के दुःख का कारण पता लगाया -

(क)बुढ़िया से पूछ कर (ख) मियाँ से पूछ कर

(ग)किसानों से पूछ कर (घ) आस-पास की दुकानदारों से पूछकर

(ii) लेखिका को पर्वत शिखर पर चढ़ने की सफलता के क्षण में किसकी याद आई ?

(क)अपने पिता की (ख) अपने भाई की (ग) अपने माता-पिता की (घ) अपने मित्रों की

(iii) लेखक की पत्नी अतिथि के सत्कार से दुखी होकर क्या बनाने को कहती है?

(क)खिचड़ी (ख) पुलाव (ग)आलू (घ)खीर

## खंड- 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न) **40 अंक**

13. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखें - (3x2=6)

(i) प्रकृति अपने विभिन्न क्रिया-कलापों से मनुष्य को प्रभावित करती है। 'गीत-अगीत' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ii) रैदास अपने पद के माध्यम से तत्कालीन समाज का चित्रण किस प्रकार किया है ? उदहारण सहित उत्तर लिखिए ।

(iii) सुई तथा तलवार के उदाहरण द्वारा कवि मानव समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं? तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

14. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखें - (3x2=6)

(i) यशपाल जी की कहानी दुःख का अधिकार में दुख मनाने का अधिकार सबको क्यों नहीं है ?

(ii) एवरेस्ट की शिखर यात्रा में किन-किन लोगों ने लेखिका को सहयोग दिया ? घटनों का उदहारण देते हुए उत्तर लिखिए ।

(iii) जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए ? क्या यह परिवर्तन सही थे ? तर्क सहित उत्तर लिखिए |

15. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(i) लेखक कुएँ से चिट्ठी निकालने का काम टाल सकता था, परन्तु उसने ऐसा नहीं किया। 'स्मृति' कहानी से उसके चरित्र की कौन-सी विशेषताएँ उभरकर समाज के सामने आती हैं?

(ii) कभी-कभी दृढ़ संकल्प के साथ तैयार की गई योजना भी प्रभावी नहीं हो पाती है। कुएँ से चिट्ठी निकालने के लिए लेखक द्वारा बनाई गई पूर्व-योजना क्यों सफल नहीं हुई? 'स्मृति' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(iii) "घायलों की सहायता के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है"-गिल्लू के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि किसी घायल के प्रति आपके व्यवहार में कौन-सी विशेषता होनी चाहिए ? तर्क सहित उत्तर लिखिए |

16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर 100से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (6x1=6)

(i) विपत्ति कसौटी जे कसे ते ही साँचे मीत

संकेत बिंदु-

- ✧ मित्र की आवश्यकता क्यों
- ✧ सच्चे मित्र के गुण
- ✧ मित्र चयन में सावधानियाँ
- ✧ सच्चे मित्र कौन?

(ii) आत्मनिर्भरता

संकेत बिंदु-

- ✧ आत्मनिर्भरता क्या है ?
- ✧ आत्मनिर्भरता के लाभ
- ✧ आत्मनिर्भरता से जुड़ी सावधानियाँ
- ✧ उपसंहार

(iii) समय का सदुपयोग

संकेत बिंदु-

- ✧ समय सदुपयोग का महत्त्व
- ✧ आलस्य महान शत्रु
- ✧ विद्यार्थी जीवन में समय की महत्ता
- ✧ सफलता का रहस्य

17. भविष्य में 10वीं केबाद क्या करना चाहते हैं ? इससे अवगत कराते हुए अपने मामा जी को 100-120 शब्दों में पत्र लिखिए। (6x1=6)

अथवा

आप लंबी दौड़ प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम आए हैं। राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आपको मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कृत किया जाना है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने दादा जी को 100-120 शब्दों पत्र लिखिए।

18. भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए 2022 के प्रथम 20-20 क्रिकेट मैच के संबंध में दो मित्रों (दीपक और दिया) की बातचीत को संवाद शैली में लगभग 100 शब्दों में लिखिए । (5x1=5)

अथवा

मोबाइल फ़ोन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस बारे में नायरा और तहरून की बातचीत को संवाद शैली में लगभग 100 शब्दों में लिखिए ।

19. नीचे दिएचित्र के आधार पर मन में उभरे अपने विचारों को समेटते हुए 80 से 100 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए । (5x1=5)

